तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक चौपाल ...



12 बेमचा में सात दिवसीय भाषा समर कैंप का आयोजन




## खबर संक्षेप



### चोरी के बाइक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि 13 मई को प्रार्थी गिरीश चंद्राकर निवासी घोडारी ने थाना महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने अपनी मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्रमांक सीजी 04 टीएल 5978 को घोडारी शराब दुकान के सामने रखा था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज देखा गया। घटनास्थल के आसपास में उत्तम पाल पिता ध्रुवा (20 वर्ष) एवं हिमांशु शर्मा पिता स्व सुशील शर्मा (18 वर्ष) घोडारी की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। जिस पर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया और उनके कब्जे से चोरी हुई मोटरसाइकिल जब्त किया। मामले में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बुजुर्ग को सांप ने डसा अस्पताल में मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पटेवा के ग्राम नयापारा निवासी चरंता उर्फ चाकू यादव (80) गांव में थे। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने जानकारी के बाद उन्हें पहले पटेवा उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद बुजुर्ग की रात में मौत हो गई। आज पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### प्रशिक्षण आज से

**महासमुंद।** राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जेम पोर्टल प्रक्रिया के संबंध में 03 एवं 04 जून 2025 तक दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षित शिविर रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रथम दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय क्रेताओं के लिए तथा द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय विक्रेता और स्टार्टअप आदि के लिए नियत है।

# चिकित्सा जांच उपकरणों के नहीं होने से भटक रहे मरीज व परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुशासन तिहार के दौरान जिला अस्पताल का निरीक्षण मुख्यमंत्री ने किया। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री ने भी जिला दौरा के दौरान यहां विजिट किया। इसके बावजूद यहां की बुनियादी सुविधाओं के अभाव के संदर्भ में जानकारी नही दी गई। बार बार यहां के अभावों की जानकारी अखबारों की सुर्खियां बन रही है। मंत्री अफसरों के निर्देश के बाद आज भी वही स्थिति बनी हुई है।

अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन, आधुनिक एक्स-रे मशीन जैसे चिकित्सा उपकरणों की कमी है। वहीं अस्पताल स्टाफ की भी कमी से जूझ रहा है। सुविधाएं नहीं होने से मरीज निजी अस्पताल अथवा राजधानी के सरकारी अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिला अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन, चिकित्सा उपकरणों के प्रस्ताव भेजने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ ही मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और जगह की भी कमी हो रही है। सोनोग्राफी व खून जांच की रिपोर्ट के लिए भी मरीजों को भटकना पड़ता है। वहीं बीच में रविवार के बाद सोमवार को कोई शासकीय अवकाश पड़ जाए तो रिपोर्ट के लिए दो दिन का इंतजार बढ़ जाता है। इससे गंभीर मरीजों को अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते है। इसके अलावा रात में मरीजों को एंबुलेंस भी नहीं मिल पाती है। कई बार प्राइवेट एंबुलेंस भी रात में राजधानी जाने से कतराते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत दुर्घटना से आए हुए मरीजों को उठानी पड़ती है।

### बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्री ने लिया था जायजा, फिर भी बुनियादी सुविधाओं की है कमी

#### परिजनों को भी होती है परेशानी

अस्पताल में मरीजों के परिजनों को भी परेशानी होती है। उनके ठहरने व स्नान आदि के लिए आस-पास कोई लॉज या जगह भी नहीं है। हालाकि, जिला अस्पताल प्रबंधन ने जिला अस्पताल में मरिजों के परिजन के लिए लिए भवन बनाने की योजना बनाई है, लेकिन, भवन की सौगात कब मिलेगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।



#### शौचालयों की सफाई का अभाव

जिला अस्पताल मेल वार्ड हो या फिमेल वार्ड वॉशरूम व शौचालय साफ-सुथरा नहीं रहता है। इसकी कई बार महिलाओं ने शिकायत की है। सबसे ज्यादा दिक्कत ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को होती है। इंफेक्शन का खतरा रहता है। मरीजों की संख्या ज्यादा होने से ज्यादा समस्या होती है।

जिला अस्पताल के अधीक्षक बसंत माहेश्वरी ने बताया कि जिला अस्पताल को 60 करोड़ की लागत से अपग्रेड किया जाएगा। इसमें एक मंजिल और बनाने की योजना है। सिटी स्कैन मशीन के लिए भी प्रक्रिया चल रही है। आधुनिक एक्स-रे मशीन भी लगाने की तैयारी है। साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

### हादसा: अस्पताल पहुंचने से पहले तीनों युवकों ने तोड़ा दम

# दो सगे भाई समेत तीन युवकों की मौत, ट्रैक्टर चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- महासमुंद बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

जिले के ग्राम शेर में बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई है। हादसा इतना भीषण था कि तीनों घायल युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम शेर की है।

सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे के अनुसार, ग्राम शेर के रहने वाले दो भाई वरूण नायक (22) और केवल नायक (19) अपने दोस्त तीरथ दीवान (19) के साथ बाइक से महासमुंद गए थे। रात करीब 9:30 बजे वापस लौटते समय महासमुंद-राजिम रोड पर उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई।



#### सिर पर चोट लगने से तीनों युवकों की मौत

टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

#### 9 दिनों में अलग-अलग सड़क हादसों में 13 की गई जान

सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। दुर्घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बता दें कि जिले में पिछले 9 दिनों में विभिन्न सड़क हादसों में 13 लोगों की जान जा चुकी है।

# दूसरे दिन 447 अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग देर रात तक जारी रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिले में शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण के तहत समायोजन किया जा रहा है। सोमवार को काउंसिलिंग के दूसरे दिन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की मौजूदगी में पूर्णतः पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है। कुल 447 शिक्षकों का काउंसिलिंग होना था। जिसमें से समाचार लिखे जाने तक 305 शिक्षकों की काउंसिलिंग की गई तथा उन्हें पदस्थापना आर्डर जारी कर दिया गया। अनुपस्थित शिक्षकों को जिला स्तरीय समिति के सर्वानुमति से पदस्थापना आदेश जारी किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा सहित जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

काउंसिलिंग प्रक्रिया के दौरान अतिशेष शिक्षकों को सबसे पहले कंप्यूटरीकृत प्रोजेक्टर के माध्यम से रिक्त स्थानों की सूची प्रदर्शित की गई, जिसमें उन्हें यह पूर्ण अवसर दिया गया कि वे अपने इच्छा अनुसार स्कूल का चयन कर ले। सहमति पत्र जमा करने के पश्चात उन्हें तत्काल पदस्थापना आदेश भी जारी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक पूरे काउंसिलिंग के दौरान मौजूद रहे।

# बिरकोनी में एक ही रात को तीन लोगों की मोबाइल चोरी सिटी कोतवाली में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात ग्राम बिरकोनी में तीन लोगों की घर से ही मोबाइल चोरी हो गई।

तीनों लोगों महासमुंद कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया है। बिरकोनी निवासी मीणा चंद्राकर पति रामाधार चंद्राकर, लक्की चंद्राकर पिता रामाधार चंद्राकर और भोलाराम निषाद के घर से किसी अज्ञात ने मोबाइल को चोरी कर लिया है। मामले की शिकायत करने तीनों लोग सिटी कोतवाली पहुंचे।

# पुराने लाइफ जैकेट से ही इस बार बाढ़ से निपटने की तैयारी, इंतजाम नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पुराने उपकरणों से ही इस बार भी बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी है। बाढ़ से निपटने के लिए दो बोट, 40 लाइफ जैकेट व मनिला कटर आदि की व्यवस्था है। बाढ़ आपदा आने पर सबसे पहले बचाव के लिए इन्हीं उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। पिछले कुछ सप्ताहभर से रूक-रूक कर बारिश हो रही है। हालांकि इससे नदियों के जलस्तर फिलहाल नहीं बढ़ा है। बांधों से पानी छोड़ने पर ही नदियों का जलस्तर बढ़ता है। महानदी के आस-पास के गांव ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कमी आई। कई जगह पक्के घाट बनाए गए हैं। इसके अलावा पुल और पुलिया की ऊंचाई बढ़ाई गई है। जिससे पहले जैसी स्थिति नहीं है। 2020-21 तक 79 गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आते थे, लेकिन इनकी संया में कमी आई है और अब लगभग 39 गांव ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में आते हैं। महानदी, सूखा नदी, और कोडार बांध के तहत यह गांव आते हैं। पिछले पांच वर्षों में किसी गांव में बाढ़ जैसे हालात नहीं बने हैं, फिर भी प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जाती है। मानसून सीजन में जब लगातार बारिश होती है और नदी-नाले उफान पर होते हैं, तभी ऐसी स्थिति बनती है।



#### कंट्रोल रूम होगा शुरू

जिला मुख्यालय में एक जून से जिले 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की सुविधा की शुरुआत की जा चुकी है। कंट्रोल रूम में वर्षा ऋतु तक कार्य करेगा। पिछले दिनों कलेक्टर ने दूरस्थ इलाकों में पहले से ही खाद्यान्न, नमक, कैरोसीन व दवाइयों के भंडारण के निर्देश दिए थे।

जिला सेनानी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल कुछ नए उपकरण प्राप्त हुए थे। बाढ़ से निपटने, बोट, मनीला रोप, लाइफ जैकेट, पेड़ कटर आदि उपकरण हैं। आगामी दिनों में इन उपकरणों की जांच मॉकड्रिल के माध्यम से की जाएगी। नगर सेना के गोताखोर उपकरणों की जांच करेंगे। लोगों को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचाया जाए इसके लिए अभ्यास होगा।

#### बचाव के लिए उपकरण

| उपकरण | संख्या |
|---|---|
| बोट | 02 |
| इमरजेंसी लाइट | 02 |
| लाइफ जैकेट | 40 |
| लाइफ ब्वाय | 40 |
| मनिला रोप | 10 |
| नायलोन रोप | 08 |
| पेड़ कटर | 02 |

### ग्राम पंचायत लाखागढ़ में गोधन न्याय योजना और मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप

# भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

ग्राम पंचायत लाखागढ़ में गोधन न्याय योजना, गौठान निर्माण और मनरेगा के तहत हुए कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चल रहा विवाद अब आंदोलन का रूप ले चुका है। सोमवार को पोमल कोसरिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पिथौरा तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने योजनाओं के नाम पर हजारों रुपये का भ्रष्टाचार किया है।

पोमल कोसरिया ने बताया कि पंचायत में बिना कार्य कराए ही हजारों रुपए का भुगतान कर लिया गया, जिसकी शिकायत पर प्रशासन ने जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट में आरोप सिद्ध भी हुए, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदारों के खिलाफ अब तक कोई एफआईआर या प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में उन्होंने भूख हड़ताल का रास्ता अपनाया है। भूख हड़ताल शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर पिथौरा पुलिस ने तहसीलदार के निर्देश पर पोमल कोसरिया सहित तारेंस कोसरिया, उर्मिला कोसरिया, पुनिया बाई कोसरिया और गीता बंजारे को हिरासत में ले लिया।





पुलिस का कहना है कि आंदोलन की कोई अनुमति नहीं ली गई थी और सरकारी स्थल पर आंदोलन किया जा रहा था। इस संबंध में पिथौरा थाने के एसआई दिलीप ठाकुर ने बताया कि बिना अनुमति आंदोलन करने के कारण तहसीलदार के कहने पर आंदोलनकारियों को हटाया गया है। एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह का कहना है कि पिथौरा क्षेत्र में किसी प्रकार का आंदोलन करने के लिए कोई अधिकृत स्थल निर्धारित नहीं है, ऐसे में अनुमति देना संभव नहीं है। गिरफ्तारी के बाद भी आंदोलनकारियों का रुख सख्त बना हुआ था। हिरासत में लिए गए ग्रामीणों ने थाने में ही भूख हड़ताल जारी रख रहे थे। उनका कहना है कि जब तक जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई नहीं होती, वे आंदोलन नहीं छोड़ेंगे। हालांकि, पुलिस ने कुछ घंटों में आंदोलनकारियों को छोड़ दिया गया।

इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत पिथौरा के सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर का कहना है कि मामले की दोबारा जांच कराई गई थी, जिसमें पूर्व में अधूरे रहे कार्यों को बाद में पूर्ण पाया गया है, इसलिए अब कोई कार्रवाई बनती नहीं है।

वहीं, पोमल कोसरिया का आरोप है कि जिला पंचायत द्वारा पहले की गई जांच में दोष सिद्ध होने के बावजूद जनपद स्तर पर तीसरी बार मनमाने ढंग से जांच कराकर सरपंच और सचिव को बचाने का प्रयास किया गया है। उनका कहना है कि योजना बंद हो जाने के बाद भी गोबर खरीदी कर गौठान में डंप करना नियमविरुद्ध है, जिसे जिला पंचायत महासमुंद ने भी गंभीर माना और स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सरपंच प्रियरंजन कोसरिया ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि सभी कार्यों का मूल्यांकन एसडीओ आरईएस द्वारा कराया गया था और उन्हें पूर्ण पाया गया। पहले जो त्रुटियां सामने आई थीं, वे कार्यों के पूर्ण हो जाने के बाद समाप्त मानी जाती हैं। मेरे द्वारा कोई भ्रष्टाचार नहीं किया गया है।

# बेमचा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बेमचा के वार्ड 17 वर्धमान नगर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी अजय कुर्रे निवासी वर्धमान नगर बेमचा ने बताया कि 1 जून की दोपहर 03-04 बजे लगभग गांव का सरपंच देवेंद्र चंद्राकर अन्य लोगों आया और सरकारी घास भूमि कब्जा कर मकान बनाए हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वहीं ग्राम पंचायत सरपंच देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि 1 जून को पंच व गांव के अन्य सदस्य लोग लगभग 3 से 4 बजे ग्राम पंचायत बेमचा में शासकीय भूमि संरक्षित करने एवं जमीन का निरीक्षण करने के लिए गये थे और जमीन को चिन्हांकित कर रहे थे। इसी दौरान अजय कुर्रे एवं उनकी पत्नी ग्राम पंचायत के पंचगण एवं ग्रामवासियों को यहां पर कुछ नहीं बनेगा कहते हुए विरोध करने लगा जिसे मना करने पर अजय कुर्रे व उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
- कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
- कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
- मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
- नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
- चक्कर आना
- टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
- खर्राटों का इलाज़
- नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
- नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
- आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
- थाइरोइड की समस्या का इलाज़
- नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
- सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा



डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध



AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप



### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम कल से

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम 4 से 8 जून तक सुबह 6 बजे से 9 बजे तक श्रीराम मंदिर परिसर गांधी चौक महासमुंद में आयोजित होने जा रहा है। इस कोर्स के लिए कोरबा की वरिष्ठ शिक्षिका शशिकांता देशमुख, अनिल देशमुख, हेमलता सिंह पहुंचेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन नासा एवं एम्स द्वारा प्रमाणित शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया का प्रत्यक्ष लाभ लेने की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी मनीष अग्रवाल ने दी।

### खट्टी में रथयात्रा 27 जून को

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में 27 जून शुक्रवार को रथयात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे मोहल्ले का भ्रमण करने के बाद मेला स्थल पहुंचेगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा, ओंकार प्रसाद शर्मा, करण, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, खुशबू उपाध्याय ने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

### किशोर को बनाया चैंबर का प्रमुख सलाहकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में किशोर आहूजा को प्रमुख सलाहकार बनाया गया है। इस अवसर पर चैंबर के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित चैंबर सदस्यों एवं व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### कबड्डी स्पर्धा में बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**रायपुर।** नवउमंग स्पोर्ट्स अकेडमी एवं समस्त ग्रामवासी तर्री द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने शामिल होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर द्वारिका साहू, घनश्याम तारक, राधेलाल पोखराज, तारक, रोशन साहू व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# वेतन में 3 प्रतिशत महंगाई राहत जोड़कर पेंशन नहीं देने से पेंशनरों में आक्रोश

## पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की बैठक हुई, नए सदस्यों का किया स्वागत, दिवंगत पेंशनरों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में 01 जून को पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक हुई। बैठक का प्रारंभ भगत साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, भूषण भोसले, सुरेश क्षेत्रपाल, टीपी वर्मा, चंपत देवांगन द्वारा सरस्वती पूजन-वंदन के साथ हुआ। प्रथम चरण में उपस्थित सभी पेंशनरों ने अपने दिवंगत साथियों क्रमशः पुकराम बारले सहायक उपनिरीक्षक, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रत्नम, गौरांग निषाद वनविभाग को दो मिनट मौन रखकर एवं संगठन में उनके योगदान पर चर्चा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात नए सदस्य सुरेश क्षेत्रपाल सहायक वर्ग 02 जल संसाधन विभाग, डोंगर सिंह ध्रुव सहायक उपनिरीक्षक पुलिस विभाग, कालिंद्री चंद्राकर व्याख्याता, शिक्षा विभाग, आरएन साहू शिक्षा विभाग का सम्मान फल एवं अंगवस्त्र भेंटकर गुलाल लगाकर किया। नवआगंतुक सदस्यों ने अपना-अपना परिचय सभी के समक्ष दिया। उपरांत बैठक संचालक, सचिव शिवकुमार साहू ने समस्त पेंशनर समाज को आध्यात्मिक चर्चा की ओर ले जाते हुए इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे रायपुर संभाग ब्रम्हविद्या विहंगम योग के संभागीय संयोजक पुरूषोत्तम सपहा, उपदेष्टा रामनारायण साहू, चम्पत देवांगन कार्यपालन अभियंता जलसंसाधन विभाग, तोरणलाल साहू अभियंता का



परिचय सदन से कराया। आगंतुकों का स्वागत श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंटकर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ सभी का स्वागत किया। ब्रम्हविद्या विहंगम योग का सारगर्भित परिचय एवं मूल सिद्धांतों से अवगत रामनारायण साहू ने कराया तथा पुरूषोत्तम सपहा ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए साधना के साथ क्रियात्मक विधि का वर्णन किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों को ओम एवं गायत्री मंत्र के जाप के साथ 10 मिनट योग साधना का अभ्यास कराया गया।

योग अभ्यास के उपरांत सभा के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए संगठन की गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया। महासमुंद में पेंशनर भवन की मांग पर प्रशासनिक लापरवाही के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए उच्च स्तरीय शिकायत करने की चर्चा की। इसी प्रकार समस्त पेंशनरों का माह मई के वेतन में 3 प्रतिशत महंगाई राहत जोड़कर पेंशन नहीं देने एवं एरियर्स राशि का भुगतान नहीं करने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई एवं बैंक में जाकर आदेश की प्रति सौंपते हुए शीघ्र भुगतान की मांग करने की जानकारी दी। संबोधन में उन्होंने अनेक दिवंगत पेंशनरों के परिवार पेंशन भुगतान के लिए संगठन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। पश्चात भगतराम साहू ने गायत्री परिवार के आगामी आध्यात्मिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने सभा समाप्ति की घोषणा की। बैठक में बृजबाई पटेल, चोवाराम साहू, मंगतीन धीवर, कालिंद्री चंद्राकर रामबाई सिन्हा, अगेसरी सिन्हा, बोधनलाल साहू, मुरलीधर पटेल, रेखराम साहू, भुनेश्वर विश्वकर्मा, पुरूषोत्तम चंद्राकर, आईएम कुरैशी, गणेश बहादुर गुरूम, अर्जुन साहू, संतुराम साहू, विष्णु प्रसाद मिश्रा, धरमदास मार्कंडेय, मेघनाथ साहू, कोमनलाल, चंद्राकर, ज्ञानसिंह चंदेल, रूपचंद वर्मा, भागवत साहू, जीवनलाल कुलदीप, जगमोहन साहू, परस चौहान, रिखीराम साहू, तिलचंद यादव, गोकुलदास, संतोष साहू, गोपेश्वर गिरी, रामटहल निषाद आदि उपस्थित रहे।

# कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक चौपाल का आयोजन

## वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी, प्रचार की कमी से ग्रामीणों की उपस्थिति रही कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती और फसल चक्र जैसी आधुनिक विधियों की जानकारी देना है। इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम कसहीबाहरा और कोकोभाटा में कृषक चौपाल का आयोजन हुआ।




इस चौपाल में कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक डॉ. कुणाल चंद्राकर, कृषि विकास अधिकारी केआर साहू, कृषि महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक डॉ. ओकेश चंद्राकर एवं डॉ. प्रफुल्ल, राष्ट्रीय जैविक प्रबंधन संस्थान रायपुर से पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. श्रवणी सान्याल, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. डीएन पटेल और उद्यान विकास अधिकारी टिकेश साहू ने किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, पशुपालन, मत्स्य पालन, मूल्य संवर्धन प्रसंस्करण एवं समन्वित कृषि प्रणाली जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। हालांकि, इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर कृषि उत्पादन को बढ़ाना था, लेकिन प्रचार-प्रसार की कमी के कारण ग्रामीणों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम देखी गई। कसहीबाहरा में मात्र 50 किसान शामिल हो सके, जबकि कोकोभाटा में 41 ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई। कृषक चौपाल जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कम उपस्थिति चिंता का विषय है। प्रचार-प्रसार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कई किसान इस आयोजन की जानकारी से वंचित रह गए। ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना के सीमित साधनों को ध्यान में रखते हुए यदि समय रहते मुनादी, पंपलेट वितरण या मोबाइल संदेश के माध्यम से प्रचार किया जाता, तो निश्चित रूप से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकते थे। आयोजकों को भविष्य में इस पहलू पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि, ऐसी उपयोगी जानकारी अधिक किसानों तक पहुंच सके।

# पेयजल संकट में मिली राहत, जपं अध्यक्ष ने उपलब्ध कराया टैंकर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द में जारी पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने त्वरित पहल करते हुए ग्रामवासियों को पानी टैंकर की सुविधा प्रदान की। सरपंच मनोज सिन्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोती जांगड़े ने ग्राम में उत्पन्न जल संकट की जानकारी जनपद अध्यक्ष को दी थी।

ग्रामवासियों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए जनपद अध्यक्ष द्वारा तत्काल प्रभाव से एक पानी टैंकर ग्राम पंचायत को मुहैया कराया गया, जिससे ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिली है। पानी टैंकर की उपलब्धता के बाद ग्राम पंचायत के पंच राकेश सिक्या, प्यारे लाल नायक, बेद राम सिन्हा, इतवारी चौहान, घासु सिन्हा सहित अन्य ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे के प्रति आभार व्यक्त किया और इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# महतारी वंदन योजना में फिर से होंगे रजिस्ट्रेशनः तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- छूटे हुए पात्र हितग्राहितयों से लिया जाएगा आवेदन



महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ में मार्च 2024 में पीएम मोदी ने शुरू की थी। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए दिए जाते हैं। भाजपा के सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना में फिर से रजिस्ट्रेशन होंगे, पोर्टल दोबारा खुलेगा। जो पात्र महिलाएं छूट गई हैं उनको फिर से जोड़ा जाएगा। ऐसा पहली बार हुआ है कि महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए महीना भेजा जा रहा है। विपक्ष कहता है कि महतारी वंदन योजना केवल चुनाव तक के लिए है, उसके बाद बंद कर दिया जाएगा। जबकि, सच्चाई यह है कि जब तक बीजेपी की सरकार रहेगी महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर होते रहेंगे। वहीं योजना के दूसरे फेज को लेकर उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना का पोर्टल फिर से खोला जाएगा, जो पात्र महिलाएं छूट गई थीं वह अपना आवेदन कर पाएंगी और उनको इस योजना का लाभ मिलेगा।

### सरयूपारीण समाज की बैठक मेधावी बच्चों का सम्मान 8 को

**रायपुर।** तुलसी भवन में रविवार को सरयूपारीण समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई। समाज ने 8 जून को विप्र समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही आमसभा कराने का फैसला भी लिया है। इसके अलावा बैजनाथ मिश्र को समाज के युवा समाज का संयोजक नियुक्त किया, वहीं राममूर्ति तिवारी को संरक्षक नामित किया गया, कैलाश तिवारी को भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव समिति का सदस्य नामित किया गया। संगम लाल त्रिपाठी को संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, राजेश त्रिपाठी, शैलेश शर्मा, राममूर्ति तिवारी, डीएस परोहा, त्रिभुवन आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में डीपीआई और एससीईआरटी के एकीकरण की मांग, कर्मचारी संघ ने सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा महासमुंद के जिलाध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राज्य शिक्षा मंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के एकीकरण तथा आकलन प्रक्रिया की जांच के सुझाव दिए हैं।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि डीपीआई और एससीईआरटी के अलग-अलग कार्य करने से शिक्षा विभाग में समन्वय की कमी है। परस्पर विरोधी निर्देशों के कारण समय- समय पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती है। विशेष रूप से, कक्षा 1 से 8 तक के मासिक, तिमाही, अर्धवार्षिक, और वार्षिक मूल्यांकन में भिन्नता भ्रम पैदा करती है। यह समस्या 2015 से 2025 तक शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। शर्मा ने कहा, डीपीआई और एससीईआरटी के एकीकरण से एक एकीकृत शिक्षा निदेशालय बनाया जाए, जिससे निर्देशों में एकरूपता आए और संसाधनों का दोहराव रुके। इससे प्रति वर्ष 1-2 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के 5+3+3+4 ढांचे के अनुरूप मूल्यांकन नीति लागू करने और 2015-2025 के आकलन दस्तावेजों की जांच के लिए छह माह में स्वतंत्र समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया। पत्र में राज्यपाल से हस्तक्षेप, केंद्रीय शिक्षा मंत्री से एनईपी 2020 के कार्यान्वयन में सहयोग और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जो स्कूल शिक्षा विभाग भी देख रहे हैं उनसे त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। शिक्षकों और हितधारकों के साथ पारदर्शी विचार-विमर्श की मांग भी की गई है। शिक्षा के जानकारों का कहना है कि यह प्रस्ताव नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण चर्चा का विषय बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एकीकरण से प्रशासनिक जटिलताएं कम होंगी, लेकिन इसके लिए विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। शर्मा ने आशा जताई कि सरकार उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। यह पहल छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।



# भूख हड़ताल के बाद पुलिस ने लिया बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि भाजपा के हितेश नायकराम चंद्राकर द्वारा माइक लगा पुलिस की उपस्थिति में एनएच 353 में कई बार सड़क बाधित की, मेरी जाति, पिता को जाति, मेरे मृत पिता के डीएनए की जांच की मांग करते रहे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कहा कि मां का दूध पिया है तो आए, मेरी मां के विषय में अभद्र गाली गलौज की, नायब तहसीलदार महिला के सामने गाली गलौज की, मुझे सार्वजनिक जान से मारने की धमकी दी, जिसका वीडियो पुलिस द्वारा स्वयं भी बनाया जा रहा था, उसके बाद भी मेरे द्वारा व्हाट्सएप और चिप में भी कई वीडियो



उपलब्ध करवाए, जिसमें भाजपा के हितेष चंद्राकर की हरकत स्पष्ट दिख रही है।

बागबाहरा एसडीओपी कार्यालय में 13 व 26 को शिकायत और स्मरण पत्र दिया गया, जिस पर आज 20 दिन बीतने और 31 घंटे की भूख हड़ताल के बाद कम से कम मेरा बयान लिया गया। साथ ही अंकित ने वीडियो और फोटो भी सबूत के रूप में सौंपे हैं। आज भूख हड़ताल स्थल पर कई वरिष्ठ किसानों व कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर मुझे आगे लड़ाई और लड़नी है और किसान हित में कई कार्य करना है बताते हुए जूस पीला कर भूख हड़ताल तुड़वाई गई। इस अवसर पर प्रीतम साहू, मायाराम ध्रुव, मानसिंह ध्रुव, रघुराम साहू, राजू यादव, वीरेंद्र शुक्ला, कृष्ण हरपाल, राजेंद्र मोगरे, इंद्र कुमार चौहान आदि उपस्थित रहे।

# माता कौशल्या धाम में लग्जरी रिसॉर्ट बनकर तैयार लीज पर देने का प्लान, इसी मानसून में शुरुआत संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

चंदखुरी स्थित माता कौशल्या धाम में पर्यटन विभाग ने 12 कमरों का सर्व सुविधायुक्त लग्जरी रिसॉर्ट तैयार कर लिया है। यह निर्माण श्रीराम वनगमन पथ परियोजना के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े स्थलों को विकसित करना है। पिछली सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजना के तहत कार्य अब लगभग पूरा हो चुका है।

पर्यटन विभाग रिसॉर्ट को लीज पर देने की योजना बना रहा है। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि इस मानसून सीजन में पर्यटकों को चंदखुरी में ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### माना-तूता में 80 फीसदी काम पूरा

छत्तीसगढ़ में लंबे समय से बंद पड़े मोटल्स का संचालन शुरू होने लगा है। पर्यटन विभाग के मुताबिक, रायपुर में केंद्री और माना-तूता में भी मोटल्स लीज पर दिया गया था, जिसका काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है। जुलाई तक इसे शुरू करने की योजना है। हरियाली के बीच यहां रिसोर्ट तैयार किया गया है। यहां पर्यटकों को रेस्टोरेंट के साथ आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी।



*पर्यटन विभाग लीज मॉडल की ओर : पर्यटन विभाग चिल्फी घाटी, मैनपाट और चित्रकोट जैसे रिसॉर्ट्स लीज पर देने की योजना बना रहा है। विभाग का उद्देश्य इन रिसॉर्ट्स के संचालन को प्रोफेशनल तरीके से बेहतर बनाना और राजस्व में बढ़ोतरी करना है। लीज पर दिए जाने के बाद निजी एजेंसियां इन स्थलों में सुविधाएं बढ़ा सकेंगी, जिससे पर्यटकों को और बेहतर अनुभव मिलेंगे।*

श्रीराम वनगमन परियोजना के तहत प्रदेश के प्रमुख स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिनमें रामगढ़ (सरगुजा), शिवरीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंदखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा सप्तऋषि आश्रम (धमतरी), जगदलपुर (बस्तर) और रामाराम (सुकमा) शामिल हैं। यहां 60 से 70 फीसदी से अधिक कार्य हो चुका है। कुछ जगहों पर भव्य द्वार निर्माण का काम चल रहा है तो वहीं कई जगहों पर घाट को संवारा जा रहा है।

फीचर इम्पेक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप



### विभिन्न सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा इन दिनों जिले में वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी से उनके निवास स्थान पर सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, विजय पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, आशुतोष पुरी, शुभम भारती आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में 2 जून को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां 45 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। शिविर में सरायपाली बीएमओ डॉ एचएल जांगड़े, डॉ वर्षा सतपथी, शीतल सिंह, टीआर घृतलहरे, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से राम गोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि मौजूद रहे।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पासिद की मृतिका उर्मिला बाई निषाद, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मेमरा के मृतक मनोज रात्रे एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुटेला के मृतक मुकेश दास के परिजन के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## गड़बड़ी : जांच में सही पाया, फिर नहीं हुई वसूली की कार्रवाई

# पूर्व सरपंच ने 518575 रुपए का किया गबन, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखंड अंतर्गत एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें एक भूतपूर्व सरपंच द्वारा 518575 रुपए की राशि का गबन कर वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना को अंधेरे में रखकर 16/01/2025 को आदेश पारित करवाकर प्रकरण को ही समाप्त कर दिया गया।

तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना आरके वर्मा द्वारा भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों में अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की जांच केआर खुराना उपअभियंता, जयलाल साव सहायक आंतरिक लेखा परियोजना एवं करारोपण अधिकारी, संतलाल साहू सहायक आंतरिक लेखा परियोजना एवं करारोपण अधिकारी द्वारा (तीन सदस्य गठित जांच दल) ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच उपरांत 518575 रुपए की वसूली योग्य पाया गया। जिसे तत्कालीन सीईओ आरके वर्मा द्वारा 518575 रुपए की वसूली के लिए




### 6 सीसी रोड निर्माण में गंभीर अनियमितता

जांचोपरांत भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई द्वारा 518575 रुपए का कुल 06 सीसी रोड निर्माण में गंभीर अनियमितता पाई गई। जिसके अंतर्गत भूतपूर्व सरपंच संजय भोई की आवेदन को अस्वीकार किया गया। भूतपूर्व सरपंच संजय भोई द्वारा 2025 की पंचायत चुनाव के पहले ही अपने ऊपर (रिकवरी) वसूली 518575 रुपए की राशि को समाप्त करने के लिए एक साजिश रची गई। क्योंकि, भूतपूर्व सरपंच संजय भोई जानता था कि अपने ऊपर (रिकवरी) वसूली की राशि रहते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसी भी पद पर उम्मीदवारी नहीं कर सकता। उसने एसडीएम कोर्ट में उक्त प्रकरण को समाप्त किए जाने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उसके द्वारा कलेक्टर न्यायालय के प्रकरण का उल्लेख नही किया गया। तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी बसना मनोज खांडे द्वारा संजय भोई के विरुद्ध जांच आवेदन समाप्त कर नस्तीबद्ध कर दिया गया। जिसे भूतपूर्व सरपंच संजय भोई अपने द्वारा रचित साजिश में सफलता प्राप्त करते हुए 2025 की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत बरडीह के वार्ड क्रमांक 2 में पंच पद के लिए नामांकन दाखिल किया। और पंच भी निर्वाचित हो गया।

तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

सरायपाली एसडीएम द्वारा प्रकरण क्रमांक 202010120500105 अ/धारा- 92 वर्ष 2020-21 दर्ज कर भूतपूर्व सरपंच संजय भोई को 29/10/2020 को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। भूतपूर्व सरपंच संजय भोई द्वारा उक्त आदेश से क्षुब्ध होकर न्यायालय कलेक्टर ई कोर्ट नंबर.202110120100004 अ / 89 प्रकरण दर्ज कराकर भूतपूर्व सरपंच संजय भोई द्वारा अपने ऊपर 518575 रुपए की वसूली की कार्रवाई को निरस्त करने के लिए निवेदन किया गया। तात्कालिक कलेक्टर प्रभात मलिक (आईएएस) द्वारा सीईओ बसना से स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त कर भूतपूर्व सरपंच संजय भोई द्वारा प्रस्तुत आवेदन को अस्वीकार करते हुए भूतपूर्व सरपंच के विरुद्ध कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत जांच 3 सदस्यीय टीम गठित कर कराई गई।

ग्राम बरडीह के अशोक गड़तिया द्वारा भूतपूर्व सरपंच संजय भोई द्वारा किए गए गबन की राशि 518575 रुपए संजय भोई से वसूली कर एवं इसके गलत कार्यों में साथ देने वाले उक्त भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध जांच कमेटी बिठाकर उचित कार्रवाई कर उनके विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

## राशन दुकानों में चावल उत्सव मनाने को लेकर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर जून माह में सभी राशन दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन कर हितग्राहियों को 3 माह का एक साथ चावल दिए जाने को लेकर नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण पीयूष साहू, मधु धनीराम यदु, भाजपा नेतागण हनिश बग्गा, गौरव राठी ने जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से चर्चा की।

नपाउपाध्यक्ष राठी ने बताया कि शासन द्वारा पूरे प्रदेश में जून माह में चावल उत्सव का आयोजन कर 3 माह का एक मुश्त चावल मुफ्त में बीपीएल राशन कार्डधारियों को देने का निर्देश है। राठी ने खाद्य अधिकारी से कहा कि शहर के 24 राशन दुकानों में इसे उत्सव के रूप में मनाया जाए। सभी 30 वार्ड के पार्षदों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उनके देख रेख में हितग्राहियों को चावल का वितरण की व्यवस्था हो। उन्होंने बीपीएल कार्डधरियों से भी अनुरोध किया है कि अपने निकट के उचित मूल्य की राशन दुकान में पहले पहुंचकर 3 माह के चावल का लाभ लें। खाद्य अधिकारी से कहा गया कि शहर के राशन दुकानदारों के बोर्ड में अभी भी पुराने जनप्रतिनिधियों का नाम प्रकाशित है, जिसे विलोपितकर वर्तमान पार्षद एवं जनप्रतिनिधि का नाम प्रकाशित कराए, ऐसा निर्देश तुरंत दुकानदारों को दिया जाए।

### भारतीय किसान संघ की हुई बैठक

**नर्रा।** कोमाखान तहसील के अतर्गत ग्राम बसुलाडबरी में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। जिसमे रूपेंद्र साहू, जनपद सदस्य लोचन पटेल, मयाराम साहू, नेहरू रौशन, जगदीश पटेल, धनीराम मरकाम समेत किसान मौजूद रहे। बैठक में लोचन पटेल ने तहसील स्तर पर गठन को लेकर किसानों से चर्चा की गई। जिसमें सदस्यों ने गठन को लेकर सहमति दी है और आगामी दिनों 7 जून शनिवार को कोमाखान में दोपहर 12 बजे से बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए जनपद सदस्य लोचन पटेल ने कृषकों बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



## झेरिया गाड़ा समाज की नई कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ झेरिया गाड़ा समाज द्वारा बागबाहरा परिक्षेत्र के ग्राम उखरा में बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम समाज के आदिदेव बूढ़ादेव का पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इसके बाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गठन कर कार्यकारणी को शपथ दिलाई गई। जिसमें अध्यक्ष जतिराम पांडे, उपाध्यक्ष रामेश्वर मोंगरे, सहसचिव जयराम पाण्डे, कोषाध्यक्ष मोहनलाल सोनवानी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अहिल्याबाई राजवंशी इत्यादि ने शपथ ली। इस दौरान अध्यक्ष जतिराम पांडे ने अपने संबोधन में समाज के सभी प्रबुद्धजनों को समाज विकास के लिए योगदान देने व आगे आने का आह्वान किया। ब्लाक अध्यक्ष हीरा नेताम ने समाज में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने समाज के बेटे-बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। ब्लाक सचिव चुम्मन लाल जगत ने समाज में मध्यपान निषेध और समाज को पाखंड और अंधविश्वास से दूर रहने की बात कही। इस दौरान पुरुषोत्तम सागर, कुमारसिंह बघेल समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन हेमसिंह नाग ने किया।

## बेमचा में सात दिवसीय भाषा समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाषाओं के साथ संवाद करने की क्षमता को विकसित कराया

शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा में विगत 26 मई से सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा को सुनने, समझने, बोलते व अन्य भाषाओं के साथ संवाद करने की क्षमता को विकसित करना है। समर कैंप का आयोजन प्रति दिवस के विषय के आधार पर किया गया।

प्रथम दिवस शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर समर कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिक्षिका नंदिनी प्रधान एवं विवेक कुमार योगी द्वारा प्रथम व द्वितीय दिवस बच्चों को उड़िया भाषा में




अभिवादन अभिव्यक्ति संख्या वार्तालाप एवं वर्चुअल भ्रमण कराया गया। तृतीय व चर्तुथ दिवस शिक्षिका सीमा चंद्राकर, भुनेश्वरी साहू और रसोइया द्वारा संगीत चित्रकला और रसोइया की हेमा कहार द्वारा उड़िया में मसालों सब्जियों व स्थानीय व्यंजनों के नाम बताया गए। पंचम दिवस सेवानिवृत शिक्षक भगत राम साहू, शिक्षिका सरल चंद्राकर एवं कुलेश्वरी चंद्राकर द्वारा देश की संस्कृति, स्वतंत्रता सेनानियों, स्थानीय नायकों के बारे में जानकारी दी गईं। छठवें दिवस शिक्षिका खेमिन साहू द्वारा बच्चों को भूगोल, इतिहास, ऐतिहासिक स्थलों ओर नक्शे के संकेतों को पहचानना बताया गया। सातवें एवं अंतिम दिवस पर बच्चों के साथ प्रेरणा गीत गाया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरस्वती जांगड़े, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर एवं संकुल समन्वयक बेमचा टाकेश्वर साहू द्वारा पुरस्कार वितरण करते हुए कहा गया कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने एवं उनके कौशलों को विकसित करने में समर कैंप बहुत ही लाभदायक व रोचक रहा। बच्चों व शिक्षकों ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में अतिथियों के आभार प्रदर्शन के साथ समर कैंप का समापन किया

## बम्हनी में शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 विधिवत शुभारंभ एवं नवागंतुक बच्चों का प्रवेश उत्सव एवं पिछले वर्ष का बचत साइकिल वितरण एवं एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों एवं सदस्यों में प्रसन्नता पूर्वक भाग लिया और नवीन शिक्षा सत्र आनंददायक खुशहाल एवं उपलब्धि से भरा हो ऐसा करने का निर्णय लिया। बैठक में संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी, एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ. पुरानिक साहू, सरपंच रूपा ध्रुव, डॉ. गोवर्धन साहू, ठाकुरराम धीवर, अर्चना धीवर, कौशल्या साहू, परमेश्वरी साहू, हुलस यादव, नौमेंद्र वैष्णव, अभिजीत सिंह, डॉ.साहू आदि मौजूद रहे।

## सेजेस हिंदी विद्यालय में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेजेस हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत 03 व्याख्याता एवं 01 प्रधान पाठक ने अपनी अर्द्धवार्षिकी आयु सफलतापूर्वक पूर्ण किए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे की उपस्थिति में 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे भेषलाल ठाकुर, प्रभा पंडा, दिनेश कुमार द्विवेदी एवं चिंतामणि चंद्राकर को शालेय परिवार द्वारा अभिनंदन पत्र सह श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने कहा कि प्राचीनकाल से ही समाज में गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है, शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता है और हमेशा समाज को शिक्षकों से बड़ी अपेक्षा रहती ही है। सभी शिक्षकों को निर्विघ्न अर्द्धवार्षिकी पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता, बल्कि उसका समाज में दायित्व और बढ़ जाता है। सभी शिक्षकों के गुणों की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना की। चिंतामणि चंद्राकर की अनुशासन प्रियता, कर्मठता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सभी को प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर भेषलाल ठाकुर, प्रभा पंडा, दिनेश द्विवेदी एवं चिंतामणि चंद्राकर ने विगत 40 से 42 वर्षों के दीर्घ सेवाकाल के अनुभव साझा किए। शिक्षा जगत विद्यालय एवं विद्यार्थियों से गहरी आत्मीयता को सभी ने बड़ी भावुकता से व्यक्त किया। इस सम्मान समारोह के लिए सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा शाला परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

संस्था के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने आगे भी विद्यालय से जुड़े रहने एवं सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जीएस ठाकुर, संध्या चंद्राकर, भगोली राम साहू ने भी अपने अनुभव साझा करते हुऐ सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु की कामना की। उपप्राचार्य चमन चंद्राकर ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ बिताए हुए अनमोल क्षण को याद किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत डडसेना ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एचके आचार्य, चमन चंद्राकर, एमडी वर्मा, जीएस ठाकुर, संध्या चंद्राकर, सीएल साहू, हेमंत डडसेना, मुरलीधर पटेल, त्रिवेणी साहू, बी ठाकुर, सुधा शर्मा, तृप्ति ध्रुव, सितोष झुलपे, गरिमा भारद्वाज, नरेन्द्र सिंह, हीना कुरैशी, अंजनी साहू, जेपी साहू, एलआर साहू, पीडी मानिकपुरी. पीआर साहू, महेश कुंभकार, बसंत साहू, पूर्व माध्यमिक विभाग से बाल किशन चंद्राकर, भगौली राम साहू, जगन्नाथ साहू, भारती सोनी, कमलेश चंद्राकर, मनोज साहू, शिवम चंद्राकर के साथ साथ जितेन्द्र राजेश भोई, हीरा साहू एवं वासिका आदि मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष के निर्देश पर रावणभाठा से मंडी गेट तक ट्यूबलर लाइट कार्य प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नया रावणभाठा से मंडी गेट तक ट्यूबलर लाइट लगाई जाएगी। लेकिन, संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया था। जिसकी जानकारी होने पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने ठेकेदार व संबंधित विभाग प्रभारी को फटकार लगाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिसके बाद ट्यूबलर पोल खड़ी कर लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा शहर के विभिन्न मार्गों पर ट्यूबलर पोल लाइट लगना है। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ट्यूबलर लाइट लगने से शहरवासियों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कार्य का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश ठेकेदार को दिए।

### बीएससी द्वितीय के रसायन और बीए द्वितीय अंग्रेजी भाषा में लगभग 80% विद्यार्थियों का आया है पूरक

## उत्तरपुस्तिकाओं को फिर से जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष के रसायन शास्त्र विषय में अधिकतर विद्यार्थियों के नंबर एक समान दिए गए। लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थी रसायन शास्त्र में पूरक है। यही हाल बीए द्वितीय वर्ष अंग्रेजी भाषा में हुआ है। वहां भी लगभग 80 प्रतिशत बच्चे एक ही विषय में पूरक है। ज्यादातर छात्रों का नंबर एक समान है। बहुत सारे विद्यार्थियों को 00, 01, 03, 04 नंबर दिया गया है। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र फलेंद्र बिट्टू साहू ने बताया कि अधिकतर छात्रों के अंक समान है, जो संयोग नहीं हो सकता। अतः विश्वविद्यालय को फिर से उत्तरपुस्तिका की जांच करनी चाहिए। सभी छात्रों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि



विश्वविद्यालय जल्दी पुनःजांच करें। ताकि, विद्यार्थी आगे का अध्ययन सरलता से कर सके।

इस दौरान किशोर साहू, विकास सिंह, भोज राम साहू, नितेश सोनवानी, श्याम यादव, कमल नारायण, नागेश्वर कुमार, मनीष शिवराज, मुकेश, यशवंत कुमार, अनिता, तान्या, ओम कुमारी, रुक्मणी, वेद प्रकाश, मनोज, दिशा, छाया, पाटेश साहू, हरेंद्र साहू, मनीष, लोमश, हितेश्वरी, नितेश, लीला यादव, मधु सिंह, ममता, निशा, दीप्ति, रीना, वर्षा, ममता, उषा, अनिता, पुष्पांजलि, नीतू, मोनिका, नंदिनी, वंदना, दुर्गा, हिमांशी, रूपाली, प्रभा आदि

### नपाध्यक्ष ने किया द एजुकेशनल हब का शुभारंभ



**महासमुंद।** नयापारा में स्व. हाजी हबीब कुरैशी की पुण्य स्मृति में द एजुकेशनल वे ट्यूशन क्लासेस की शुरुआत नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के हाथों हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद राहुल आवड़े, मुश्ताक खान, पप्पू ठाकुर, मोहम्मद आफताब कुरैशी, रशीद भाई, अब्दुल निशार , शहीद रज़ा, मोहम्मद जाकिर रज़ा, अब्दुल अज़ीम आदि उपस्थित रहे।

